दैनिक जागरण 02/12/2023

प्रतियोगिताओं के माध्यम से किया जागरूक

कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए जीएमएन कालेज के छात्र।

जासं, अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज में शुक्रवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूक व्याख्यान, पोस्टर प्रतियोगिता व शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि इस बीमारी का इलाज केवल सामाजिक जागरूकता है, यदि हम स्वयं इस बारे में जागरूक होंगे तभी समाज के लोगों को जागरूक कर पाएंगे। इसी श्रृंखला में राष्ट्रीय सेवा समिति के अधिकारी डा धर्मवीर सैनी, अनीश कुमार और डा. सरोज बाला ने एड्स के संदर्भ में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर डा. एसएस नैन, डा. सत्येंद्र पांडेय, डा. बृजेश कुमार, डा. केके पुनिया, डा. कुलदीप यादव, डा. राजेंद्र देशवाल, डा. तृप्ति शर्मा, लवप्रीत सिंह और सुषमा शर्मा उपस्थित रहे।